# जिनके नसीब में नेता विपक्ष पद नहीं, वो प्रधानमंत्री बनने के सपने देख रहे हैं-मोदी

**बाराबंकी**-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि उनके डर से देश में आतंकवाद की घटनाएं रुकी हैं, मगर इस खतरे को पूरी तरह खत्म करने के लिये केन्द्र में उनके नेतृत्व वाली मजबूत सरकार दोबारा बनानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरदार पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते तो देश के किसानों की हालत बहुत अच्छी होती। मोदी ने बहराइच और बाराबंकी में चुनावी रैलियों में कहा कि उनकी सरकार की प्रतिबद्धता की वजह से आतंकवाद सीमित दायरे में हो गया है। उन्होंने कहा अब आपको मंदिरों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर बम धमाके की खबरें नहीं सुनायी देती हैं। ये मोदी के डर के कारण बंद हुआ है, लेकिन अभी वो सुधरे नहीं हैं, खतरा अभी टला है, खत्म होना बाकी है। आज भी हमारे आसपास आतंकी नर्सरी चल रही है। उन्होंने कहा इस क्षेत्र को रामायण सर्किट और बुद्ध सर्किट के जरिये पूरे देश से जोड़ा जा रहा है, लेकिन याद रखिये, जब आतंकवाद बढ़ता है तो उसका पहला शिकार आस्था के ऐसे ही केन्द्र होते हैं, इसलिये देश को ऐसी ही मजबूत सरकार की जरूरत होगी। कमल पर पड़ने वाला वोट राष्ट्रक्षा के लिये होगा।



मोदी ने कहा कि अगर सरदार पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते तो किसानों की हालत इतनी अच्छी होती, जिसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता। सरदार पटेल किसानों के लिये सोचने वाले नेता थे, लेकिन कांग्रेस ने उनको देश का पहला प्रधानमंत्री नहीं बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदान का प्रतिशत कम होने का ठीकरा सपा और बसपा के सिर फोड़ते हुए कहा कि पहले प्रधानमंत्री-प्रधानमंत्री खेलने वाले लोग अब छिपम-छिपाई खेलने लगे हैं। जनता ने चार चरणों के चुनाव में उनके सपनों को चूर-चूर कर दिया है। अब इन लोगों ने एक अफवाह फैलाना शुरू किया है। वे मतदाताओं से कहते हैं कि अरे अपने इलाके में मोदी, राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ की सभा की क्या जरूरत है। भाजपा तो चुनाव जीत ही गयी है। वे मतदाताओं के दिमाग में यह बात भर रहे हैं, ताकि मतदान कम हो।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि आज हालत ऐसी है कि इस बात का पता ही नहीं है कि उसे प्रतिपक्ष का नेता बनने का मौका मिलेगा भी या नहीं। वर्ष 2014 में तो मौका मिला नहीं था। इस बार तो जनता इतने गुस्से में है कि 2019 में भी उन्हें कुछ नसीब नहीं होगा। उन्होंने कहा जो लोग 50-55 सीट लेकर विपक्ष का नेता बनने तक की स्थिति में नहीं हैं, वो प्रधानमंत्री बनने के लिये दर्जी के पास कपड़े सिला रहे हैं। ये लोग चाहते हैं कि किसी भी तरह खिचड़ी सरकार बन जाए। कमजोर सरकार बन जाए। तब तीन महीने कोई प्रधानमंत्री बनेगा और तीन महीने कोई और। आपको क्या ऐसी बात मंजूर है। ऐसे लोगों को क्या वाकई देश और उसकी जनता के भविष्य की चिंता है?

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने बेनामी सम्पत्ति के खिलाफ कानून बनाकर उसे लागू किया, जिसकी वजह से अब तक हजारों करोड़ रुपये की लगभग दो हजार बड़ी—बड़ी बेनामी सम्पत्तियां हमारी सरकार जब्त कर चुकी है। जिन लोगों की सम्पत्तियां जब्त हुई वे अब मोदी को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लाख दबाव के बावजूद उन्होंने करीब साढ़े तीन लाख फर्जी कम्पनियों को एक झटके में ताला लगा दिया। ये कम्पनियां काले धन की मशीन थीं, मोदी ने इस मशीन को ही बंद नहीं किया, बल्कि काले धन की टंकी की टोंटी को ही सील कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास और नये भारत के सपने तभी पूरे हो सकते हैं, जब सुरक्षा की गारंटी होगी, इसलिये आपको बहुत चौकन्ना रहने की भी जरूरत है। वोट बैंक से मजबूर ये महामिलावटी लोग देश को 2014 से पहले की स्थिति में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# दिल्ली के आप उम्मीदवारों के रोड शो का नेतृत्व करेंगे केजरीवाल



**नई दिल्ली**-केजरीवाल एक मई को चांदनी चौक के उम्मीदवार पंकज गुप्ता के रोड शो में शामिल होंगे और दो मई को पूर्वी दिल्ली की उम्मीदवार आतिशी के रोड शो में हिस्सा लेंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल एक मई से सभी सात उम्मीदवारों के रोड शो का नेतृत्व करेंगे। यह जानकारी मंगलवार को पार्टी के नेता गोपाल राय ने दी। राय ने कहा कि रैलियां करने के बजाए आप के नेता और उम्मीदवार लोगों के पास जाएंगे और पूर्ण राज्य के फायदे के बारे में बताएंगे।

केजरीवाल एक मई को चांदनी चौक के उम्मीदवार पंकज गुप्ता के रोड शो में शामिल होंगे और दो मई को पूर्वी दिल्ली की उम्मीदवार आतिशी के रोड शो में हिस्सा लेंगे। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव प्रचार को तीन चरणों में बांटा हैं जिसमें दो चरण पूरे हो गए हैं। राय ने कहा कि आप के चुनाव प्रचार का तीसरा चरण मंगलवार को शुरू हुआ और दस मई तक जारी रहेगा।

# शास्त्री भवन की छठी मंजिल पर लगी आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया

**नई दिल्ली**-शास्त्री भवन की छठी मंजिल पर मंगलवार दोपहर आग लग गयी। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



दमकल विभाग ने बताया कि अपराह्न करीब सवा दो बजे उन्हें आग लगने की जानकारी मिली, जिसके बाद दमकल की सात गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। दमकल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजकर 55 मिनट पर आग पर आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। शास्त्री भवन में विधि, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, वाणिज्य मामले, रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के विभाग हैं।

# राहुल गांधी जन्म से ही हिन्दुस्तानी हैं, ये पूरा देश जानता है-प्रियंका

**नई दिल्ली**-गृह मंत्रालय द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर नोटिस भेजे जाने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी हिंदुस्तानी है। राहुल जन्म से ही हिन्दुस्तानी हैं। ये सब बकवास है। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर एक नोटिस जारी किया है। जिस पर प्रियंका गांधी ने जवाब दिया। प्रियंका गांधी अमेठी के दौरे पर हैं और राहुल के समर्थन के लिए जनसंपर्क कर रही हैं।

# आजम खान के बिगड़े बोल पर फिर लगाया EC ने ब्रेक, 48 घंटे की लगी पाबंदी

**नई दिल्ली**-चुनाव आयोग ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बिगड़े बोल पर दूसरी बार लगाम लगाया। आयोग ने आजम खान को एक बार फिर से 2 दिन तक प्रचार करने से रोक दिया है। आजम खान 1 मई की सुबह 6 बजे से 48 घंटों तक के लिए प्रचार नहीं कर पाएंगे। इन 48 घंटों के दौरान आजम खान चुनावी रैली, रोड शो, इंटरव्यू, पब्लिक कॉन्टेक्ट नहीं कर पाएंगे। आजम खान ने 5 अप्रैल, 7 अप्रैल, 8 अप्रैल, 9 अप्रैल और 12 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के अलग अलग जगहों पर विवादित बयान दिया था और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया था। जिसके तहत चुनाव आयोग की तरफ से यह कार्यवाई की गई।



# प्रचार में अभिनंदन का नाम लेने पर शिवराज के खिलाफ शिकायत दर्ज

**इंदौर**-मध्यप्रदेश के इंदौर लोकसभा क्षेत्र में लगातार चुनावी सरगर्मियां बढ़ने के बीच भाजपा और कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर सामने आ रहे कंटेंट के आधार पर एक-दूसरे के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों का सिलसिला तेज कर दिया है। इन शिकायतों में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान द्वारा बालाकोट एयर स्ट्राइक से जुड़े भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान का चुनाव प्रचार में नाम लिये जाने और आयकर छापों के दौरान सूबे की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री कमलनाथ के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के घर के बाहर महिला पुलिस कप्तान के दिखायी देने को लेकर जतायी गयी आपत्तियां शामिल हैं। दोनों शिकायतों से जुड़ा ऑडियो और वीडियो कंटेंट सोशल मीडिया पर पहले ही वायरल हो चुका है।

जानकारों के मुताबिक सोशल मीडिया के चुनावी दुरुपयोग पर अंकुश लगाना कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने बड़ी चुनौती है। इस बारे में पूछे जाने पर जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जाटव ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम सोशल मीडिया की सतत निगरानी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक (आपत्तिजनक) वीडियो अपलोड किये जाने पर पहले ही प्राथमिकी दर्ज करायी जा चुकी है। जाटव ने भरोसा दिलाया कि जिला निर्वाचन कार्यालय आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन की ऐसी तमाम शिकायतों का परीक्षण कर उचित कदम उठायेगा जो सोशल मीडिया के जरिये उसके संज्ञान में आ रही हैं।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला ने बताया, शिवराज ने बालाकोट एयर स्ट्राइक में शामिल विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान का सोमवार को यहां भाजपा की चुनावी रैली में केवल एक बार नहीं, बल्कि तीन बार नाम लिया था और अपनी पार्टी के लिये वोट मांगे थे। सोशल मीडिया के जरिये इसकी जानकारी मिलने पर हमने आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत की है, क्योंकि चुनाव प्रचार में सैनिकों का नाम लिये जाने के खिलाफ निर्वाचन आयोग पहले ही निर्देश जारी कर चुका है।

# सीबीआई ने YSR कांग्रेस के प्रत्याशी के कार्यालयों और घरों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली**-सीबीआई ने आरोप लगाया है कि राजू की कंपनी इंड बाराथ समूह ने तीन गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों- पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटिड और इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटिड- से 2,655 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।सीबीआई ने 947 करोड़ रुपये से ज्यादा की कर्ज अदायगी में कथित चूक को लेकर नरसापुरम से वाईएसआर कांग्रेस के प्रत्याशी के. रघुराम कृष्णन राजू के घरों एवं कार्यालयों में मंगलवार को छापेमारी की। एजेंसी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। मार्च में वाईएसआर कांग्रेस में लौटने वाले राजू ने आंध्र प्रदेश की नरसापुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा है।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि राजू की कंपनी इंड बाराथ समूह ने तीन गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों-- पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटिड और इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटिड से 2,655 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

उन्होंने कहा कि आरोप है कि कंपनी ने 947 करोड़ रुपये की कर्ज अदायगी में चूक की है जिससे यह पैसा एनपीए बन गया है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने हाल में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके आधार पर एजेंसी ने मंगलवार को राजू के चार दफ्तरों और दो घरों पर छापेमारी की।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक-रवि कुमार पोद्दार, 72/74, सुयश विहार, भमोरी दुबे, इन्दौर से प्रकाशित एवं आर्टटेक ग्राफिस, 864/9, नेहरु नगर, इन्दौर म०प्र० से मुद्रीत
प्रधान संपादक-रवि कुमार पोद्दार आर.एन.आई. नम्बर-12782/2003 e-mail- censortimes@ hotmail.com